## जिनकी दूसरी डोज बाकी, वे लगवा सकते हैं टीका

# शहर में आज से 25 तक लगेंगे टीकाकरण के वार्डवार शिविर

रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन हेतु विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। रतलाम शहर में 23 से 25 सितंबर तक प्रतिदिन वार्डवार वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे।

एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि 22 सितंबर को वार्ड क्रमांक एक से 12 तक वैक्सीनेशन किया गया। 23 सितंबर को वार्ड क्रमांक 13 से 24 तक, 24 सितंबर को वार्ड क्रमांक 25 से 36 तक व 25 सितंबर को वार्ड क्रमांक 37 से 49 में विशेष वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक शहर में जो भी व्यक्ति प्रथम डोज से वंचित हैं व जिनकी दूसरी डोज बाकी है, वे इन वैक्सीनेशन स्थलों पर पहुंचकर टीका लगवा सकते हैं।




### आज यहां लगेंगे टीके

कम्युनिटी हाल जवाहर नगर बगीचा, महिला बाल विकास विभाग कार्यालय, सुभाष नगर सामुदायिक भवन, काश्यप सभागृह सागोद रोड, ईश्वर नगर शासकीय स्कूल, शांति निकेतन स्कूल टाटानगर, राधाकृष्णन स्कूल दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर कालोनी, नरसिंह वाटिका सिलावटों का वास, मानस भवन मोतीनगर, ज्योति कांवेंट स्कूल बालाजी नगर, अशोक नगर मदरसा, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए)।

### कल यहां होंगे वैक्सीनेशन

24 सितंबर को सब्जीफरोश जमातखाना, हाकिमवाड़ा यूपीएचसी, जमातखाना शेरानीपुरा, दिलीप नगर यूपीएचसी, डीआरपी लाइन अस्पताल, घटला अस्पताल, डोसीगांव प्राथमिक स्कूल, डीआरएम आफिस, लायंस हाल, टीआइटी रोड यूपीएचसी, मेहंदी कुई बालाजी, कालिका माता धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए) यूपीएचसी गणेश नगर, यूपीएचसी हाकिमवाड़ा, आयुर्वेदिक अस्पताल त्रिपोलिया गेट।

### 25 सितंबर को यहां होंगे वैक्सीनेशन

25 सितंबर को ला कालेज आनंद कालोनी, जमातखाना शेरानीपुरा, जिला चिकित्सालय, कन्या विद्यालय कोठारीवास, माणकचौक स्कूल, मोहन टाकीज, माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, बोहरा बाखल कम्युनिटी हाल, जाट धर्मशाला, आइएमए हाल, कुरैशी मंडी मदरसा, विनोबा स्कूल हाट की चौकी, सिखवाल समाज धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल तथा एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए)।

अग्निपथ/23/9/21

**भास्कर ब्रेकिंग** मध्यप्रदेश में कॉलोनी डेवलपमेंट के नए नियम का ड्राफ्ट तैयार

# कॉलोनाइजर ने यदि सड़क और पार्क की जमीन बेची तो होगी 3 से 7 साल की सजा

**काम नहीं रुकेगा** अवैध कॉलोनाइज़र फरार हुआ तो संपत्ति बेचकर होगा डेवलपमेंट

**ज्यादा सख्ती** अवैध कॉलोनी को नियमित करने के पहले कॉलोनाइजर पर होगा केस

मनोज जोशी | भोपाल

प्रदेश में कॉलोनी डेवलपमेंट के नए नियम लागू होने जा रहे हैं। इसका ड्राफ्ट बन चुका है, जिसे नगरीय आवास एवं विकास विभाग जल्द लागू करेगा। इसमें प्रावधान है कि कॉलोनाइजर ने यदि सड़क और पार्क जैसी सार्वजनिक उपयोग की जमीन बेचकर वहां मकान या प्लॉट डेवलप किए तो उसे तीन साल से सात साल तक की सजा होगी। अब तक सजा का प्रावधान केवल अवैध कॉलोनी के मामले में ही था। नए नियमों में अवैध कॉलोनाइजरों पर भी अंकुश बढ़ाया गया है। अवैध कॉलोनी के नियमितिकरण की कार्रवाई शुरू करने से पहले संबंधित कॉलोनाइजर के खिलाफ एफआईआर कराई जाएगी। यदि उक्त कॉलोनाइजर फरार हो गया तो उसकी संपत्ति बेचकर विकास कार्य कराए जाएंगे। शेष | पेज 8 पर

## एक बार ही कराना होगा रजिस्ट्रेशन, जो पूरे प्रदेश में मान्य होगा

**23** साल बाद कॉलोनियों को लेकर नियम बन रहे हैं

**1998** के नियम ही प्रदेश में अब तक लागू हैं

तब से अब तक कॉलोनी डेवलपमेंट काफी बदल चुका है।



**ऑनलाइन होगा रजिस्ट्रेशन**

### कलेक्टर गाइडलाइन की 0.75% होगी रजिस्ट्रेशन फीस, 2% होगा शेल्टर टैक्स

नए नियमों के मुताबिक अब तक कॉलोनाइजरों को हर नगरीय निकाय में अलग-अलग रजिस्ट्रेशन कराना होता था, लेकिन विभाग रजिस्ट्रेशन करेगा, जो पूरे प्रदेश में मान्य होगा। यह ऑनलाइन होगा ताकि आम आदमी यह देख सके कि प्रदेश में कितने कॉलोनाइजर रजिस्टर्ड हैं। रजिस्ट्रेशन शुल्क को भी कलेक्टर गाइडलाइन से जोड़ दिया गया है। यह कलेक्टर गाइडलाइन का 0.75% होगा। शेल्टर टैक्स को भी कलेक्टर गाइडलाइन से जोड़ दिया गया है, जो कि गाइडलाइन का 2% होगा।

**दो साल और बढ़ाए**

### दो हेक्टेयर से बड़ी कॉलोनी को अब 5 साल में पूरा कर सकेंगे

दो हेक्टेयर से बड़ी कॉलोनी के लिए एक साथ अनुमति लेने की बजाय तीन फेज में अनुमति ले सकेंगे। अभी अनुमति लेने के तीन साल में डेवलपमेंट पूरा करना होता है। अब इसे पांच वर्ष किया जा रहा है। पहले यह परमिशन दो बार बढ़ाई जा सकती थी। अब एक साल के लिए एक बार बढ़ाई जा सकेगी।

दै. भास्कर 23/9/21

### रेलवे में फ्लेट क्रय करने किया प्रोत्साहित

# पीएमएवाय के फ्लेटों का डीआरएम ऑफिस में प्रस्तुतिकरण



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मुखर्जी नगर व डोसीगांव में निर्मित एमआईजी व एलआईजी फ्लेट व सुभाशचन्द्र शॉपिंग काम्लेक्स की दुकानों का जल्दी विक्रय हो इसके लिए बुधवार को निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में जाकर रेलवे अधिकारियों व कर्मचारियों को फ्लेट व दुकानों का प्रेजेंटेशन दिया।

निगम आयुक्त झारिया ने बताया रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारियों को डीआरएम ऑफिस के मीटिंग हॉल में इप्का के अधिकारी एवं कर्मचारियों को निर्मित फ्लेटों व दुकानों के बारे में बताया। इस दौरान रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारियों को मुखर्जी नगर व डोसीगांव में निर्मित एलआईजी व एमआईजी फ्लेट व महू रोड स्थित सुभाशचन्द्र शॉपिंग काम्पलेक्स की दुकानों को प्रोजेक्टर पर दिखाया गया। इसके साथ ही फ्लेट व दुकानों का सुपर बिल्ट अप एरिया, आरक्षित मूल्य, ऑन लाईन विक्रय प्रक्रिया, अर्नेस्टमनी राशि आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर एडीआरएम केके सिन्हा, वरिष्ठ परिचालन प्रबंधक गुड्स अजय ठाकुर, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी सहित रेलवे के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

पत्रिका

पत्रिका 23/9/21

# जनसुनवाई में की सुनवाई

**रतलाम, नप्र।** जिला स्तरीय जनसुनवाई कल यहां कलेक्टोरेट सभाकक्ष पर हुई। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने 17 आवेदनों की सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों को निराकरण के निर्देश जारी किए। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत जमुना भिडे, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, विद्युत वितरण कम्पनी के अधीक्षण यंत्री सुरेश वर्मा मौजूद रहे। ओसवाल नगर के संतोष ने चचेरे भाई के कॉन् के उपचार में ऑपरेशन की सलाह मिलने पर मदद की गुहार की। बताया कि इलाज में काफी रुपया लगेगा लेकिन उसके भाई की स्थिति ऐसी ठीक नहीं है इसलिए आर्थिक सहायता मंजूर की जाए। प्रकरण निराकरण के लिए सीएमएचओ को भेजा है। रतलाम निवासी नीता बोहरा ने आवेदन दिया कि प्रार्थी के नाम से नई आबादी पिपलौदा के वार्ड 15 में भूखण्ड पर प्लाट है। प्लाट पर मकान बनाना चाहती है।

तीन माह पहले मुख्य नगर परिषद् पिपलौदा को ऑनलाईन आवेदन किया था लेकिन आज दिनांक तक प्लाट पर काम करने की मंजूरी नगर परिषद् की ओर से नहीं दी गई है। पंचेड निवासी बाबूलाल बागरी ने कहा कि उसके मकान को नुकसान हुआ है। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण योजना में कुटीर के लिए आवेदन ग्राम पंचायत में दिया था लेकिन आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जाकर कहा जा रहा है कि साइड अभी बंद है जब खुलेगी तब देखा जाएगा। समस्या निराकरण के लिए संबंधित विभाग को भेजी गई है।



**दिशा समिति की बैठक स्थगित-** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत ने बताया कि सांसद गुमानसिंह डामोर की अध्यक्षता में आज होने वाली दिशा समिति जिला विकास समन्वय एवं अनुश्रवण कमेटी की बैठक नहीं होगी। अपरिहार्य कारणों से बैठक स्थगित की गई है।

**स्कूलों में शाला प्रबंधन समितियों का गठन-** स्कूलों में शिक्षण व्यवस्था में बेहतर प्रबंधन और शैक्षिक गतिविधियों के संचालन के लिए प्रदेश के सभी शासकीय और अनुदान प्राप्त प्राथमिक, माध्यमिक एवं कक्षा पहली से आठवीं तक संचालित माध्यमिक स्कूलों में शाला प्रबंधन समितियों का गठन किया जाएगा।

प्र०की०२२

प्रभातकिरण / २२/९/२१

## अतिवृष्टि से 295 मकानों को नुकसान हुआ

रतलाम ● शहर में गत दिनों हुई भारी वर्षा से प्रभावित 92 व्यक्तियों के बैंक खातों में 7 लाख 38 हजार 200 रुपए की राशि मंगलवार को अंतरित कर दी गई। तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया कि कुल 295 मकानों में नुकसान होना पाया गया, शेष व्यक्तियों के बैंक खातों में भी राशि शीघ्र पहुंचा दी जाएगी।

स्वदेश 23/9/21

## अतिवृष्टि से प्रभावित 92 व्यक्तियों के बैंक खातों में सात लाख से ज्यादा राशि पहुंची

रतलाम। शहर में गत दिनों हुई भारी वर्षा से प्रभावित 92 व्यक्तियों के बैंक खातों में 7 लाख 38 हजार 200 रुपये की राशि मंगलवार को अंतरित कर दी गई। तहसीलदार गोपाल सोनी ने बताया कि कुल 295 मकानों में नुकसान होना पाया गया, शेष व्यक्तियों के बैंक खातों में भी राशि शीघ्र पहुंचा दी जाएगी।

प्रसारण 23/9/21

**स्वच्छ सर्वेक्षण 2022** • आज रतलाम समेत सारे नगर निगम के कमिश्नर को भोपाल बुलाया गया

# गाइडलाइन नहीं आई, 25 सितंबर या गांधी जयंती पर आ सकता है 2021 का नतीजा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

सफाई को लेकर नगर निगम का अमला अलर्ट मोड की जगह आराम मोड में चला गया है। अब कचरा कलेक्शन 100 प्रतिशत नहीं हो पाया है तो मैदानी अमले की लापरवाही बदस्तूर जारी है। इस आधी-अधूरी तैयारी के दो प्रमुख कारण हैं।

एक तो 2022 के स्वच्छता सर्वेक्षण की गाइडलाइन नहीं आई है जिससे निगम अफसर अपने स्तर पर कयास लगाकर सफाई व्यवस्था बनाने में जुटे हैं। दूसरा अभी तक मार्च-अप्रैल 2021 में हुए सर्वेक्षण का रिजल्ट जारी नहीं हो पाया है जो 25 सितंबर या 2 अक्टूबर गांधी जयंती को आ सकता है। पूरी उम्मीद है क्योंकि 23 सितंबर को भोपाल में स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में हुई स्वच्छता की बुनियाद प्रतियोगिता का परिणाम जारी होगा। इसके लिए इसके लिए इंदौर, रतलाम सहित प्रदेश की सभी 16 नगर निगम के अफसरों को भोपाल बुलाया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन, भोपाल के उपसंचालक निलेश दुबे ने कहा कि2021 का रिजल्ट जल्द आ सकता है लेकिन स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की गाइडलाइन कब तक आएगी कुछ कहा नहीं जा सकता। नगर निगमों से तैयारी करवा रहे हैं।

## सर्वेक्षण की आधी-अधूरी तैयारी, इधर स्वच्छता की बुनियाद का परिणाम जारी होगा

- **तबेले हटाओ मुहिम ठंडी :** 30 भैंसों के तबेले हटाने के बाद से कार्रवाई बंद है। 11 सितंबर को आखिर बार हमदेश प्रेस की गली और अरिहंत परिसर से तबेले हटाए थे। गायों के तबेलों पर अब तक कार्रवाई नहीं हो पाई है।
- **कचरा कलेक्शन घटा :** 87 टन पहुंचने वाला कचरा कलेक्शन बुधवार को 83 टन पहुंच गया है। 12 से ज्यादा कचरा गाड़ियां खराब पड़ी हैं। नई कर्मशाला में पंक्चर सुधारने तक की व्यवस्था नहीं जिससे कई गाड़ियां कचरा नहीं उठा पा रहीं।
- **जीपीएस सिस्टम नहीं लगे :** कलेक्शन गाड़ियां मनमाने रूट पर चल रही हैं। पहली बार हुआ टेंडर नगर निगम ने निरस्त कर दिया है। दूसरी बार की प्रक्रिया चल रही है। इस उलझन के कारण गाड़ियों की मॉनिटरिंग नहीं हो पा रही है।
- **सख्त कार्रवाई नहीं :** कर्मचारियों के ड्यूटी से गैर-मौजूद रहने का क्रम अब भी जारी है लेकिन कार्रवाई नहीं की जा रही है। इसके पीछे पिछले दिनों संयुक्त सफाई कर्मचारी संघर्ष समिति के आंदोलन को भी वजह बताया जा रहा है।
- **स्पॉट फाइन अमला सुस्त :** बनाया गया दल प्रभावी कार्रवाई करने के बजाए सिर्फ दिखाने के लिए जुर्माना कर रहा है। बुधवार को कस्तूरबा नगर में सिर्फ एक कार्रवाई कर 5000 रुपए का जुर्माना वसूला गया।
- **अतिक्रमण हटाओ अभियान भी बंद :** सितंबर प्रथम सप्ताह में निगम ने बिना अनुमति सड़क किनारे रखी 84 गुमटियों को हटाया था। इसके बाद से अतिक्रमण हटाओ अभियान बंद है। सड़क किनारे निर्माण हटाने की कार्रवाई भी अभी तक चालू नहीं हो पाई।
- **साधन-संसाधन खराब :** जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड की पोकलेन मशीन और कई कचरा कलेक्शन गाड़ियां खराब पड़ी हैं। ऑटोमेटिक सफाई के लिए 25 लाख में खरीदा गया चार अटैचमेंट वाला स्कीड स्टीयर भी खराब पड़ा है।

## जलभराव वाले क्षेत्रों में निगम आयुक्त ने पहुंचकर मोर्चा संभाला, सफाई करवाई



रविवार सुबह तेज बारिश से शहर के कई इलाकों में पानी भरा गया था। उस पानी की निकासी और सफाई करवाने के लिए निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को बुधवार को खुद मोर्चा संभालना पड़ा। कमिश्नर ने पटरी पार के जवाहर नगर, लक्ष्मणपुरा, पीएंडटी कॉलोनी, जनता कॉलोनी आदि इलाकों का निरीक्षण किया। गंदा पानी निकलवाया, सफाई करवाई व कीटनाशक दवाई का छिड़काव भी कराया। हाउसिंग बोर्ड कार्यालय के पीछे के रहवासियों ने कमिश्नर को शिकायत की कि कुछ लोगों द्वारा खुली भूमि व नाले में कचरा डाला जाता है। इस पर आयुक्त बोले उसका फोटो खींचकर भेजिए घर-दुकान पर जाकर कार्रवाई करूंगा। जनता कॉलोनी के रहवासियों ने नाले पर अतिक्रमण होने से बारिश का पानी भराने की शिकायत की। इस पर कमिश्नर ने इंजीनियरों को अतिक्रमण हटाकर नाले की चौड़ाई 15 फीट करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनता कॉलोनी में कच्चे शौचालय की जानकारी मिलने पर कमिश्नर ने सभी को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

भास्कर

दै. भास्कर 23/9/21

# शहर में आज से 25 सितंबर तक होंगे वैक्सीनेशन के वार्डवार कैंप

प्रसारण न्यूज • रतलाम

कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन हेतु विशेष कैंप-आयोजित किए जा रहे हैं। रतलाम शहर में 23 से 25 सितंबर तक प्रतिदिन वार्डवार वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे। एसडीम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि 22 सितंबर को वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक वैक्सीनेशन किया गया। 23 सितंबर को वार्ड क्रमांक 13 से 24 तक, 24 सितंबर को वार्ड क्रमांक 25 से 36 तक एवं 25 सितंबर को वार्ड क्रमांक 37 से 49 में विशेष वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अब तक रतलाम शहर में जो भी व्यक्ति प्रथम डोज से वंचित हैं एवं जिनका सेकंड डोज ड्यू हो चुका है वे इन वैक्सीनेशन स्थलों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करवा सकते हैं।



**23 सितंबर को यहां होंगे वैक्सीनेशन** – कम्युनिटी हाल जवाहर नगर बगीचा, महिला बाल विकास विभाग कार्यालय, सुभाष नगर सामुदायिक भवन, काश्यप सभागृह सागोद रोड, ईश्वर नगर शासकीय स्कूल, शांति निकेतन स्कूल टाटानगर, राधाकृष्णन स्कूल दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर कॉलोनी, नरसिंह वाटिका सिलावटों का वास, मानस भवन मोतीनगर, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, अशोक नगर मदरसा, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए)।

**24 सितंबर को यहां होंगे वैक्सीनेशन** - सब्जीफरोश जमातखाना, हाकिमवाड़ा युपीएचसी, जमातखाना शैरानीपुरा, दिलीप नगर युपीएचसी, डीआरपी लाईन अस्पताल, घटला अस्पताल, डोसीगांव प्राथमिक स्कूल, डीआरएम आफिस, लायन्स हालर, टीआईटी रोड़ युपीएचसी, मेहंदीकुई बालाजी, कालिका माता धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड़, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए) युपीएचसी गणेश नगर, युपीएचसी हाकिमवाड़ा, आयुर्वेदिक अस्पताल त्रिपोलिया गेट।

**25 सितंबर को यहां होंगे वैक्सीनेशन** - लॉ कॉलेज आनन्द कॉलोनी, जमातखाना शैरानीपुरा, जिला चिकित्सालय, कन्या विद्यालय कोठारीवास, माणकचौक स्कूल, मोहन टॉकीज, माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, बोहरा बाखल कम्युनिटी हाल, जाट धर्मशाला, आईएमए हाल, कुरैशी मण्डी मदरसा, विनोबा स्कूल हाट की चौकी, सीखवाल समाज धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड़, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल तथा एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए)।

प्रसारण

प्रसारण 23/9/21

# शहर में 23 से 25 तक होंगे वैक्सीनेशन के वार्डवार कैंप

रतलाम। कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन हेतु विशेष कैंप आयोजित होंगे। शहर में 23 से 25 सितंबर तक वार्डवार वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे। एसडीम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि 22 को वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक वैक्सीनेशन किया गया। 23 को वार्ड क्रमांक 13 से 24 तक, 24 को वार्ड क्रमांक 25 से 36 तक एवं 25 सितंबर को वार्ड क्रमांक 37 से 49 में विशेष वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे। यहां प्रथम डोज से वंचित व्यक्ति हैं एवं जिनका सेकंड डोज ड्यू हो चुका है वे इन वैक्सीनेशन स्थलों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करवा सकते हैं।

**23 सितंबर को यहां वैक्सीनेशन**

कम्युनिटी हाल जवाहर नगर बगीचा, महिला बाल विकास विभाग कार्यालय, सुभाष नगर सामुदायिक भवन, काश्यप सभागृह सागोद रोड, ईश्वर नगर शासकीय स्कूल, शांति निकेतन स्कूल टाटानगर, राधाकृष्णन स्कूल दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर कालोनी, नरसिंह वाटिका सिलावटों का वास, मानस भवन मोतीनगर, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, अशोक नगर मदरसा, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए)।

**24 सितंबर को यहां वैक्सीनेशन**

सब्जीफरोश जमातखाना, हाकिमवाड़ा युपीएचसी, जमातखाना शैरानीपुरा, दिलीप नगर युपीएचसी, डीआरपी लाईन अस्पताल, घटला अस्पताल, डोसीगांव प्राथमिक स्कूल, डीआरएम आफिस, लायन्स हालर, टीआईटी रोड युपीएचसी, मेहंदीकुई बालाजी, कालिका माता धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए) युपीएचसी गणेश नगर, युपीएचसी हाकिमवाड़ा, आयुर्वेदिक अस्पताल त्रिपोलिया गेट।

**25 सितंबर को यहां वैक्सीनेशन**

ला कालेज आनन्द कालोनी, जमातखाना शैरानीपुरा, जिला चिकित्सालय, कन्या विद्यालय कोठारीवास, माणकचौक स्कूल, मोहन टाकिज, माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, बोहरा बाखल कम्युनिटी हाल, जाट धर्मशाला, आईएमए हाल, कुरैशी मण्डी मदरसा, विनोबा स्कूल हाट की चौकी, सिखवाल समाज धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल तथा एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए)।

संकलन-नगर निग

...रास्ते का मामला: निर्मित सड़क प्रशासन की होगी, भवन अनुमति निरस्त करने की भी तैयारी

# ...र्गफीट जमीन का उपयोग करेगा प्रशासन

...यर याचिका
...बाद बिल्डर
... फिर से
... दरवाजा
...तः सोमवार
... की सुनवाई
...ा फैसला हो
... सैलाना रोड
...डेंसी निर्माण
... निरस्त करने
...कोर्ट से एक
...र करने

के बाद शुरू हो गई है। वहीं, प्रशासन ने 15 हजार वर्गफीट वाली सरकारी भूमि को नीलाम करने की तैयारी भी करना शुरू कर दिया है। वर्ष 2019 में जब द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण शुरू हुआ तो 15 हजार वर्गफीट सरकारी भूमि पर कब्जा करते हुए बिल्डर जितेंद्र नागल ने रेसीडेंसी में आने का रास्ता बताया था। शिकायत के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने वरिष्ठ अधिकारियों की जांच कमेटी बनाई थी। कमेटी ने जांच करके रिपोर्ट दी थी कि सरकारी भूमि पर अवैध रुप से कब्जा है व आम रास्ते पर निर्माण कर लिया है। इसके बाद कलेक्टर ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते नगर निगम के दल को मौके पर भेजा था। द्वारका रेसीडेंसी को उसकी हद बताते हुए फिलहाल सरकारी जमीन और रास्ते की बाड़ाबंदी कर दी है।





...न पर अवैध कब्जे को लेकर पत्रिका में समाचारों का लगातार प्रकाशन।

## प्रशासन के पास बड़ी कार्रवाई का आधार

इंदौर उच्च न्यायालय जाने के पूर्व बिल्डर नागल ने कलेक्टर को आवेदन दिया था व इस बात का उल्लेख भी उच्च न्यायालय में किया। इसके बाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने साफ कहा कि जब कलेक्टर को आवेदन दिया है तो वही जाए व उनकी याचिका प्रथम दृष्टया सुनवाई योग्य भी नहीं है। इस निर्णय के आने के बाद द्वारका रेसीडेंसी पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। संभवत सोमवार शाम तक इस मामले में निर्णय हो सकता है।

पत्रिका

## सरकारी भूमि होगी नीलाम

प्रशासन जहां द्वारका रेसीडेंसी निर्माण की मंजूरी को निरस्त करने के साथ ही कब्जा वाली करीब 15 हजार वर्गफीट सरकारी भूमि की नीलामी भी विकल्प है। इससे शासन को राजस्व की वृद्धि होगी तो साथ ही निर्मित पक्का रास्ता भी मिल जाएगा। इस पर द्वारका रेसीडेंसी का कोई अधिकार नहीं होगा, रेसीडेंसी जाने के लिए बिल्डर को अलग रास्ता दिखाना होगा।

## जांच में सामने आया सरकारी जमीन

फिलहाल पूरा मामला सुनवाई में चल रहा है, सरकारी जमीन को नीलाम कर राजस्व जुटाया जा सकता है, संभवतः सोमवार तक इस विषय पर निर्णय के बाद जानकारी दी जा सकेगी। - **कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर व निगम प्रशासक



पत्रिका 23/9/21

...2021

अमृत योजना में मिली शहर को बड़ी सौगात

# मुख्यमंत्री ने दी 128 करोड़ रुपए के ट्रीटमेंट प्लांट की रतलाम को सौगात

फॉलोअप



पत्रिका

प्रकाशित खबर।




## 5026 मेनहोल चेम्बर बनाने के अलावा 11155 हाऊस चेम्बर बनाए गए

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. अमृत योजना अंतर्गत 128 करोड़ रुपए के सीवरेज प्रोजेक्ट की सुविधा शहरवासियों को बुधवार से मिल गई। दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा योजना अंतर्गत निर्मित करमदी मार्ग और खेतलपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लाट का डिजिटल लोकार्पण किया गया।

नगर निगम आयुक्त झारिया ने बताया कि 128.78 करोड़ की लागत से सीवरेज योजना का कार्य जमीनी स्तर पर पूरा हो गया है। इसको शहर की वर्ष -2047 तक की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए तैयार किया गया है। प्रोजेक्ट में 276.36 किलोमीटर का सीवरेज नेटवर्क तैयार हुआ है। 5026 मेनहोल चेम्बर बनाने के अलावा 11155 हाऊस चेम्बर बनाए गए है। शहर में कुल 43273 भवनों के मान से गुजरात की कंस्ट्रक्शन कंपनी ने अब तक 20263 आवास में कनेक्शन जोड़ दिए है।

इतनी क्षमता के प्लांट सीवरेज योजना योजना अंतर्गत खेतलुपर ट्रीटमेंट प्लांट 16 मिलियन लीटर प्रतिदिन के मान से बनाया गया है, जबकि दूसरा करमदी रोड स्थित ट्रीटमेंट प्लांट 21.5 मिलियन लीटर प्रतिदिन के मान से क्षमता का बनाया गया है। इसके शुरू होने से भूमिगत जल को भी प्रदूषित होने से बचाया जा सकेगा।



नगर निगम के आला अधिकारियों के अनुसार इस योजना से शहर की करीब 3.50 लाख जनसंख्या को लाभ होगा। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का संचालन और संधारण आगामी 10 वर्ष के लिए गुजरात की कंपनी के द्वारा किया जाएगा। आयोजन में भाजपा जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा के मुख्य आथित्य में दिप प्रज्वलन हुआ। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, नगर निगम आयुक्त झारिया, निगम पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, पूर्व जिलाध्यक्ष कन्हैयालाल मौर्य सहित अन्य अतिथि रहे। पत्रिका

पत्रिका 23/9/21

त्योहारों से पहले वार्डों में छाए अंधेरे पर फूट रहा आक्रोश

# बोले लोग...'अणा लोगा के काण में तेल नाखी दो'



कब हटेगा

## शहर का अंधेरा



रतलाम. शहर में 49 में से 37 वार्डों में एलइडी खराब होने के चलते बंद रहने के बाद पत्रिका द्वारा उठाई गई आवाज के बाद लोग भी अपना विरोध दर्ज कराने लगे है। श्रीमाली वास में तीन माह से एलइडी बंद है, लेकिन शिकायत के बाद भी इसको सुधारा नहीं गया है। अब तो रहवासी बोलने लगे है कि जिम्मेदारों के कान खराब हो गए है, इसमें तेल डालने की जरुरत है, जिससे आम व्यक्ति की आवाज सुनाई दे।

बता दे शहर में 13948 एलइडी लगी हुई है। मंगलवार शाम तक एक हजार एलइडी में रोशनी के अभाव की शिकायत नगर निगम के प्रकाश विभाग तक पहुंच गई है। जिस तेजी से सुधार कार्य होना चाहिए, वो अब तक नहीं हो रहा है। ऐसे में आमजन परेशान हो गए है व शाम के बाद घर से निकलना ही बंद कर दिए है।

### सबसे अधिक परेशानी

शहर के श्रीमाली वास स्थित हनुमान मंदिर के पीछे की गली में सबसे अधिक परेशानी रहवासियों को है। रहवासियों के अनुसार पूरी गली में तीन माह से एलइडी बंद है, लेकिन अब तक सुधार कार्य के लिए कर्मचारी नहीं आए है। जबकि 90 दिन में 11 बार से अधिक हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करवा दी है। इस क्षेत्र में एक आवास के बाहर बड़ा गड्ढा हो गया है तो दूसरी तरफ इस बड़े गड्ढे के बाहर की एलइडी बंद है। ऐसे में यह सड़क किसी दिन मौत की सड़क बन सकती है। क्योंकि दस फीट गहरे गड्ढे में कोई गिरा तो बड़ी दुर्घटना होगी।

### इन पोल की शिकायत

रहवासियों के अनुसार पोल नंबर 00802 व 00804 की शिकायत कई बार की गई। इसके अलावा 00801 से लेकर 00810 तक के पोल की एलइडी बंद है। शिकायत के बाद भी इसको दूरस्त नहीं करवाया जा रहा है।

पत्रिका

### इनका कहना



अणा लोगा के काण में तो तेल कूड़ी दो, अणा ने हुणाई नी दे। मालवी में जो बोला उसके अनुसार इनके कान में तेज डालना चाहिए, क्योंकि इनको आमजन की आवाज सुनाई नहीं देती। - **सुभद्रा व्यास**, 80 वर्ष की वृद्ध महिला, श्रीमाली वास



हम वृद्ध लोग इन अधिकारियों के लिए मजाक का विषय बनकर रह गए है। 90 दिन में कई बार शिकायत दर्ज की, हर बार बोलते है कल हो जाएगी। इनका कल कभी नहीं आता। - **एसके उपाध्याय**, 65 वर्षीय वृद्ध, श्रीमाली वास

पत्रिका 23/9/21

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार––––––––––पृष्ठ ........ दिनांक..........2021

**सीवरेज सिस्टम चालू** • बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने खेतलपुर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट का किया ई-लोकार्पण

# नए बन रहे मकानों को सीवरेज से जोड़ेंगे, उपभोक्ता प्रभार शुल्क लगेगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

जल्द ही शहर के सभी 44350 घरों से निकलने वाले गंदा पानी अंडरग्राउंड ही शहर से बाहर पहुंच जाएगा। इतना ही नहीं अब शहर में जितने भी नए मकान बनेंगे सबको सीवरेज सिस्टम से जोड़ा जाएगा। इसके लिए सभी कनेक्शनधारियों को उपभोक्ता प्रभार शुल्क भी देना होगा। ये कितना होगा अभी तय करना बाकी है। मकानों से निकलने वाले इसे सीवेज का खेतलपुर और करमदी रोड सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) में शोधन करके उपयोग (पीने के अलावा) के लिए उद्योग, रेलवे व अन्य को सप्लाई किया जाएगा।

यह सब होगा बुधवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा भोपाल के मिंटो हॉल से ई-लोकार्पित किए गए सीवरेज सिस्टम की बदौलत। 51 माह चली खुदाई-पिटाई के बाद आखिरकार सीवरेज सिस्टम का पहले फेस चालू हो गया है। इसमें अभी 20500 मकानों को जोड़ा गया है जबकि मुख्य शहर के बैकलेन वाले लगभग 23850 मकानों को जोड़ने का काम चल रहा है। खेतलपुर स्थित एसटीपी परिसर में हुए कार्यक्रम में पूजा-अर्चना के बाद सीएम ने एलईडी टीवी से उपस्थितों को सीवरेज सिस्टम की महत्ता बताई। इसके बाद उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने लैपटॉप का बटन दबाकर सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को स्टार्ट किया। इसका एक माह से ट्रायल चल रहा था। अमृत योजना में सीवरेज सिस्टम बनाने में 141.54 करोड़ खर्च हुए हैं।

**ये रहे मौजूद :** भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह लुनेरा, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, अनिता कटारिया, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, पप्पू पुरोहित, मयूर पुरोहित, कृष्णा सोनी, आदित्य डागा, हेमंत राहौरी, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, सहायक यंत्री श्याम सोनी आदि।

## ऐसी कर्मशाला का सीएम से करवा लिया लोकार्पण, जहां पंक्चर सुधारने तक की सुविधा नहीं



भास्कर लोकार्पण के दौरान भी नए वर्कशॉप में एक कचरा गाड़ी पंक्चर खड़ी थी।

पलसोड़ा फंटा स्थित नगर निगम की जिस कर्मशाला शाला में पंक्चर तक सुधारने की व्यवस्था नहीं है, बुधवार को ऐसी आधी-अधूरी कर्मशाला का अफसरों ने मुख्यमंत्री के हाथों लोकार्पण करवा लिया। इस पर अमृत योजना के डीयूटीएफ फंड से 50 लाख खर्च किए गए हैं। पहले यहां सिटी बस प्रोजेक्ट का टर्मिनल बनना था। छह बार टेंडर निकालने के बाद भी जब कोई बस ऑपरेटर आगे नहीं आया तो जून में नगर निगम ने प्रोजेक्ट की क्लोजर रिपोर्ट भेज दी। उसके बाद टर्मिनल के बाउंड्रीवॉल बनाकर सुरक्षित की गई जगह को वर्कशॉप में बदल दिया। वह भी महज चार छोटे कमरे बनाकर। गैरेज अब तक शिफ्ट नहीं हो पाया है। ऐसे में पंक्चर होने पर ड्राइवर व हेल्पर को टायर लेकर निगम आना पड़ता है। ऐसे में कई वाहन कचरा कलेक्शन की बजाय वर्कशॉप में ही खड़े रहते हैं।

दै. भास्कर 23/9/21

# सीवरेज योजना व नवीन वर्कशाप का मुख्यमंत्री ने किया ई-लोकार्पण

रतलाम। शहर को गन्दे पानी से मुक्त किए जाने हेतु अमृत योजनान्तर्गत सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोड़ा में निर्मित नवीन कर्मशाला का मुख्यमंत्री

**▶ कार्यक्रम खेतलपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर आयोजित हुआ**

शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल के मिन्टो हॉल से ई-लोकार्पण किया।

ई-लोकार्पण का कार्यक्रम खेतलपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर आयोजित किया गया। यहां मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के उद्बोधन व सीवरेज तथा नवीन कर्मशाला के ई-लोकार्पण कार्यक्रम को देखा व सुना। इसके पश्चात राजेन्द्रसिंह लूनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, अनिता कटारिया, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया,





कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, अरूण राव, सीमा टांक, पूर्व पार्षद सुशील सिलावट, पप्पू पुरोहित, अनिता कटारा, सुदीप पटेल, के अलावा मयूर पुरोहित, सुनील सारस्वत, कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, हेमन्त राहौरी, नन्दकिशोर पवांर आदि ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेपटॉप के बटन को दबाकर प्रारंभ किया गया। अमृत योजनान्तर्गत रतलाम नगर में 14154.00 लाख की संचालन एवं संधारण सहित सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोड़ा में 50.00 लाख की लागत से नवीन कर्मशाला का निर्माण किया गया है। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री सुहास पंडित, बीएल चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, दीक्षा निजामपुरकर सहित नागरिक उपस्थित थे। नवभारत

नवभारत 23/9/21

संकलन–नगर निगम, रतलाम अखबार..........पृष्ठ ..........दिनांक..........2021

**नाले का अतिक्रमण हटा देते तो नहीं आता हमारे घर में पानी**

# आयुक्त को बोले लोग, रुपए देते फिर भी नहीं आते सफाईकर्मी

पत्रिका सिटी हैपनिंग

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com



रतलाम. शहर में रविवार को हुई भारी बारिश के तीन दिन बाद नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया को शहर की याद आई। शहर के पटरी पार जिन क्षेत्र में बरसात का पानी भर गया था उन क्षेत्र में आयुक्त झारिया बुधवार सुबह करीब 9 बजे पहुंचे। इस दौरान आमजन ने अपनी नाराजी जमकर व्यक्त की। लोगों ने कहा हम सफाईकर्मी को रुपए देते है, फिर भी रोज नहीं आता। अगर पुलिया से किए गए अतिक्रमण को हटा दिया जाता तो घर में पानी आता ही नहीं। इसके बाद आयुक्त ने कहा जिसका अतिक्रमण है हटाया जाएगा। कर्मचारी को रुपए देने की जरुरत नहीं है। पत्रिका

सुबह करीब 9 बजे बाद जवाहर नगर से लेकर लक्ष्मणपुरा तक निगम आयुक्त झारिया ने सिटी इंजीनियर जीके जायसवाल सहित अन्य अधिकारियों को साथ लेकर उन क्षेत्रों का निरीक्षण किया जहां रविवार की बारिश में पानी घर में आ गया था। कारण जानने निकले आयुक्त ने आमजन से सीधा संवाद किया। इस दौरान रहवासियों ने कई बार अपनी नाराजी भी जताई व गुस्सा भी हुए, लेकिन आयुक्त सभी की बात सुनते रहे। जवाहर नगर में रहवासियों ने साफतौर पर कहा, हिम्मत है तो जिन बाहुबली नेताओं ने नालो पर कब्जा किया है उन अतिक्रमण को हटाकर दिखाए। यह बात जिस युवक ने कही उससे थोड़ा विवाद भी सिटी इंजीनियर का हुआ। इसमे बीचबचाव निगम आयुक्त ने किया। इसके बाद आयुक्त ने शहर के लक्ष्मणपुरा स्थित उस नाले को भी देखा जिस पर अवैध कब्जा नेताओं का है। इसके बाद नाले से अतिक्रमण हटाने व इसको 15 फीट चौड़ा करने के निर्देश दिए गए।

## जब तक आयुक्त तब तक चली सफाई

जब तक आयुक्त झारिया मोहल्लों में निरीक्षण करते रहे तब तक तो बेहतर सफाई जवाहर नगर से लेकर लक्ष्मणपुरा तक हुई, लेकिन जैसे ही आयुक्त गए, सफाई कर्मचारी भी चले गए। इस दौरान स्थानीय रहवासियों ने आयुक्त को बताया कि वे रुपए भी देते है, लेकिन प्रतिदिन न तो कचरा लेने मैजिक वाहन आता है नहीं सफाई कर्मचारी आते है, इसके बाद आयुक्त ने कहा रुपए देने की जरुरत नहीं है। जो रुपए लिए है उन पर कार्रवाई होगी। निगम के अन्य अधिकारी भी साथ थे।

पत्रिका 23/9/21

# 1261 हितग्राही पीएम स्वनिधी के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित हुए

## पथ विक्रेता 10 व 20 हजार का ब्यात्र मुंक्त ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करे

रतलाम । नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यषील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होने प्रथम कार्यषील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विषेश अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यषील पूंजी हेतु राषि रूपये 10,000/- ब्याज मुक्त ऋण हेतु 2696 हितग्राहियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गये है जिसमें से 1549 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है तथा 1241 हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। इसी तरह द्वितीय कार्यषील पूंजी हेतु राषि रूपये 20,000/- ब्याज मुक्त ऋण हेतु 58 हितग्राहियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गये है जिसमें से 51 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है तथा 24 हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है।

नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र रतलाम के पथ विक्रेताओं से अपील की जाती है कि जिन्हे प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अन्तर्गत राषि रूपये 10,000/- का ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा ऐसे पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यषील पूंजी राषि रूपये 10,000/- का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त हो चुका है व जमा करा दिया है वे द्वितीय कार्यषील पूंजी राषि रूपये 20,000/- का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करने हेतु नगर निगम के झोन कार्यालय अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, डॉ0 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अमृत सागर उद्यान व हरमाला पम्प हाउस कार्यालय में कार्यालयीन समय में उपस्थित होकर षीघ्र ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करें।

ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु पथ विक्रेता को आवष्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

स्वतंत्र लेखनी 23/9/21

मौसमी बीमारियों में ही हाल हुए बेहाल

# तीसरी लहर से बच्चों को बचाने की तैयारी में भी दिखी लापरवाही



रतलाम. कोरोना की तीसरी लहर की संभावनाओं के चलते बाल चिकित्सालय में बच्चों के उपचार के लिए की गई तैयारियां धरी रह गई हैं। प्रशासन द्वारा किए गए सारे दावे खोखले साबित हो रहे हैं, जिला मुख्यालय पर बच्चों के अस्पताल में बच्चों को वार्ड तो ठीक बरामदे में भी जगह नसीब नहीं हो रही है। बाल चिकित्सालय में प्रशासन द्वारा की गई। तैयारियां खुद अपनी कहानी बयां कर रही हैं।

बाल चिकित्सालय में बुधवार को ऐसा ही कुछ नजारा नजर आया जिसमें कि परिजन बच्चों को लेकर उपचार के लिए बरामदे में बैठे नजर आए। अस्पताल के वार्ड में भी एक बेड पर दो बच्चों को भर्ती कर रखा है तो वहीं बरामदे में मरीजों के परिजनों के बैठने की जगह पर भी बच्चों को लेटा कर उनका उपचार किया जा रहा है। बरामदे में उपचार के चलते बच्चों के साथ उनके परिजन भी परेशान होते नजर आ रहे हैं। जिले में लगातार बढ़ती मरीजों की संख्या के चलते सरकारी व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त होती नजर आ रही है। ऐसे में अब यह कहा जाने लगा है कि कहीं यह तीसरी लहर या उसकी दस्तक तो नहीं है। यदि ऐसा है तो हमें और तैयार रहने की जरूरत है। वर्तमान हालातों में सबसे ज्यादा कोई बीमार हो रहा है तो वह बच्चे हैं। डेंगू के चलते अब तक तीन बच्चों की मौत भी होना बताई जा रही है। पत्रिका

पत्रिका 23/9/21

टीकाकरण

# शहर में तीन दिन तक होंगे वैक्सीनेशन के वार्डवार कैंप

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

पत्रिका

रतलाम. कोरोना वैक्सीनेशन अभियान के तहत कलेक्टर के निर्देशन में शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए तीन दिनी विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। शहर में 23 से 25 सितंबर तक प्रतिदिन वार्डवार वैक्सीनेशन कैंप लगाए जाएंगे। एसडीएम रतलाम शहर अभिषेक गेहलोत ने बताया कि 22 सितंबर को वार्ड 1 से 12 तक वैक्सीनेशन किया गया। 23 सितंबर को वार्ड 13 से 24 तक, 24 सितंबर को वार्ड 25 से 36 तक एवं 25 सितंबर को वार्ड 37 से 49 में विशेष वैक्सीनेशन कैंप किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि अब तक रतलाम शहर में जो भी व्यक्ति प्रथम डोज से वंचित हैं एवं जिनका सेकंड डोज ड्यू हो चुका है वे इन वैक्सीनेशन स्थलों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करवा सकते हैं। गुरुवार को कम्युनिटी हाल जवाहर नगर बगीचा, महिला बाल विकास विभाग कार्यालय, सुभाष नगर सामुदायिक भवन, काश्यप सभागृह सागोद रोड, ईश्वर नगर शासकीय स्कूल, शांति निकेतन स्कूल टाटानगर, राधाकृष्णन स्कूल दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर कालोनी, नरसिंह वाटिका सिलावटों का वास, मानस भवन मोतीनगर, ज्योति कान्वेंट स्कूल बालाजी नगर, अशोक नगर मदरसा, अलकापुरी कम्युनिटी हाल, माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए) वैक्सीनेशन होगा।

# सौ फीसदी वैक्सीनेशन के लिए लगे कैंप, वार्डों में लगाने के लिए की तारीख तय

## 23 सितंबर को वार्ड 13 से 24 तक, 24 को वार्ड क्रमांक 25 से 36 में कैंप

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में 100 फीसदी वैक्सीनेशन के लिए अभियान चलाया जा रहा है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में विशेष कैंप आयोजित किए जा रहे हैं। इसमें लोगों को वैक्सीन लगाई जा रही है ताकि शत प्रतिशत वैक्सीनेशन का लक्ष्य हासिल किया जा सके।

एसडीएम अभिषेक गेहलोत ने बताया कि बुधवार को वार्ड क्रमांक 1 से 12 तक वैक्सीनेशन किया गया। 23 सितंबर को वार्ड क्रमांक 13 से 24 तक, 24 सितंबर को वार्ड क्रमांक 25 से 36 तक एवं 25 सितंबर को वार्ड क्रमांक 37 से 49 में विशेष वैक्सीनेशन कैंप आयोजित किए जाएंगे। अब तक रतलाम शहर में जो भी व्यक्ति प्रथम डोज से वंचित हैं एवं जिनका सेकंड डोज ड्यू हो चुका है वे इन वैक्सीनेशन स्थलों पर पहुंचकर वैक्सीनेशन करवा सकते हैं।

### अभियान के तहत कब-कौन से वार्ड में लगाएंगे कैंप

- **23 सितंबर** - कम्युनिटी हॉल जवाहर नगर बगीचा, महिला बाल विकास विभाग कार्यालय, सुभाष नगर सामुदायिक भवन, काश्यप सभागृह सागोद रोड, ईश्वर नगर शासकीय स्कूल, शांति निकेतन स्कूल टाटानगर, राधाकृष्णन स्कूल दीनदयाल नगर, सरस्वती स्कूल अमृत सागर कॉलोनी, नृसिंह वाटिका सिलावटों का वास, मानस भवन मोतीनगर, ज्योति कॉन्वेंट स्कूल बालाजी नगर, अशोक नगर मदरसा, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए)।
- **24 सितंबर** - सब्जीफरोश जमातखाना, हाकिमवाड़ा यूपीएचसी, जमातखाना शेरानीपुरा, दिलीप नगर यूपीएचसी, डीआरपी लाइन अस्पताल, घटला अस्पताल, डोसीगांव प्राथमिक स्कूल, डीआरएम ऑफिस, लायन्स हॉल, टीआईटी रोड यूपीएचसी, मेहंदीकुई बालाजी, कालिका माता धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकापुरी कम्यूनिटी हॉल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल, एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए) यूपीएचसी गणेश नगर, यूपीएचसी हाकिमवाड़ा, आयुर्वेदिक अस्पताल त्रिपोलिया गेट।
- **25 सितंबर** - लॉ कॉलेज, आनंद कॉलोनी, जमातखाना शेरानीपुरा, जिला चिकित्सालय, कन्या विद्यालय कोठारीवास, माणकचौक स्कूल, मोहन टॉकिज, माहेश्वरी धर्मशाला कसारा बाजार, बोहरा बाखल कम्युनिटी हॉल, जाट धर्मशाला, आईएमए हॉल, कुरैशी मण्डी मदरसा, विनोबा स्कूल हाट की चौकी, सिखवाल समाज धर्मशाला, काश्यप सभागृह सागोद रोड, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, जिला चिकित्सालय, घटला अस्पताल तथा एमसीएच (गर्भवती महिलाओं के लिए)। भास्कर

दै. भास्कर 23/9/21

# सुविधाएं न देने वाले बिल्डरों पर कठोर कार्रवाई करें

## सख्ती ● नगरीय विकास पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह के निर्देश

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। सभी अवैध कालोनियों को नियमित कर नागरिकों को राहत दे रहे हैं, पर नई अवैध कालोनी नहीं बनना चाहिए। ऐसा होने पर बिल्डर के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। यदि किसी बिल्डर ने मकान बनाकर बेच दिया और उनमें मूलभूत सुविधाएं नहीं दी तो ऐसे मामलों में दोषी बिल्डर के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए। किसी भी नागरिक के साथ ऐसी ठगी सरकार बर्दाश्त नहीं करेगी। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कही। वे बुधवार को राजधानी में जनकल्याण एवं सुराज अभियान के तहत नगरीय विकास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए आवास एक बड़ी जरूरत है। हमने संकल्प लिया है कि झुग्गी मुक्त शहरों के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। प्रत्येक व्यक्ति को पक्की छत देने की दिशा में राज्य सरकार सक्रिय है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने 24 नगरों में 1056 करोड़ की लागत से तैयार 69 विकास कार्यों का लोकार्पण किया। वहीं 15वें वित्त आयोग की राशि 299.40 करोड़ रुपये 402 नगरीय निकायों के बैंक खातों में डाले गए। इस राशि से नगरीय निकाय ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, पेयजल पूर्ति और जल संरक्षण के काम करेंगे।



भोपाल में जनकल्याण एवं सुराज अभियान के तहत नगरीय विकास पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान। ● जनसंपर्क विभाग

**लोकार्पण**

- माफिया से मुक्त कराई जमीनों पर बनेंगे गरीबों के मकान
- नगरों की प्लानिंग में ठेले वालों, छोटे व्यावसायियों के लिए स्थान तय करें

मुख्यमंत्री ने कहा कि शहरों में स्वच्छता-व्यवस्था चाहिए, पर गरीब की रोजी-रोटी का इंतजाम जरूरी है। शहरों में उद्योग लगें, पर हाथठेला वालों के लिए भी उचित व्यवस्था हो। शहरों की प्लानिंग में छोटे-छोटे व्यवसाय करने वालों, ठेले वालों के लिए स्थान निर्धारित किए जाएं। उन्होंने कहा कि शहरों का आकार लगातार बढ़ रहा है। 30 फीसद से ज्यादा आबादी अब शहरी क्षेत्र में रह रही है, यह संख्या और बढ़ेगी, छत विहीन कोई न रहे। जगह न हो, तो मल्टी स्टोरी बना दें। उन्होंने कहा कि शहरों को गंदगी, प्रदूषण, बीमारी, अपराध, माफिया मुक्त बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। शहरी क्षेत्र में सर्वोच्च प्राथमिकता स्वच्छता की है। कार्यक्रम में केंद्रीय इस्पात राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते, वित्त मंत्री जगदीश देवड़ा, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री भूपेंद्र सिंह, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा, विधायक कृष्णा गौर, प्रमुख सचिव नगरीय विकास मनीष सिंह उपस्थित थे।

**कोरोना और डेंगू से सजग रहने की अपील**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना नियंत्रण में है, पर अभी भी प्रदेश में कुछ मामले आ रहे हैं। ऐसे में सतर्कता जरूरी है। वहीं डेंगू से बचाव के उपाय करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि डेंगू फैलने का मूल कारण जल जमाव है।

| 24 | 1056 | 69 |
|---|---|---|
| नगर प्रदेश के लाभान्वित | करोड़ की लागत आएगी | विकास कार्यों का लोकार्पण |

**सड़कों को तत्काल सुधारें**

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन शहरों में सीवेज या जलापूर्ति के लिए सड़कें खोदी गई हैं, उन सड़कों को तत्काल सुधरवाएं। उन्होंने कहा कि 15 सालों के प्रयासों से शहरों का स्वरूप बदला है। जलापूर्ति व्यवस्थित हुई है। सीवेज प्रणाली को विकसित किया है।

**निर्माण कार्य लोकार्पित**

मुख्यमंत्री ने सीवरेज परियोजना, पेयजल योजना, बस स्टैंड विकास, कामर्शियल काम्प्लेक्स, उद्यानों का विकास, ट्रैफिक मैनेजमेंट, लाइब्रेरी, स्कूल भवन, सोलर एनर्जी और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्मित आवास परिसरों का लोकार्पण किया और हितग्राहियों से संवाद किया।

नईदुनिया २३/९/२१

# रतलाम के व्यापारियों के लिए सौगात है सुभाष शॉपिंग काम्पलेक्स

## जिलाधीश व निगम प्रशासक श्री पुरुषोत्तम द्वारा सुभाष शॉपिंग काम्पलेक्स का निरीक्षण



रतलाम । महू रोड स्थित सुभाष शॉपिंग काम्पलेक्स को नवीन स्वरुप देने के लिए यहां किए जा रहे सुधार कार्यो का निरीक्षण मंगलवार शाम जिलाधीश व नगर निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोतत्म ने करते हुए नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सहित अन्य इंजीनियरों को निर्देश दिए है कि मार्केट में सुधार से जुड़े कामों को समय सीमा में कर लिया जाए।

महू रोड स्थित सुभाशचन्द्र षॉपिंग काम्पलेक्स का कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरुषोत्तम ने निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के साथ गुरुवार दोपहर मार्केट का निरीक्षण किया। निगम प्रशासक ने मार्केट के कोने-कोने का निरीक्षण कर यहां की सफाई व ड्रेनेज व्यवस्था को देखा और समय सीमा में यहां व्याप्त कमियों को दूर करने के निर्देश मौके पर ही दिए है। इसी तरह दुकानों की शटर की मरम्मत और जरुरत होने पर नए शटर लगाने के लिए भी संबधित इंजीनियर को निर्देश दिए गए है। इस मौके पर आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि मार्केट की 99 दुकानों को नगर निगम के ई टेंडर के माध्यम से आगामी दिनों नीलाम करने जा रहा है। इस नीलामी को लेकर रतलाम शहर सहित अन्य नगरों के व्यापारी व खरीदारी भी रुचि दिखा रहे है। कुछ समय पूर्व निर्मित इस मार्केट की दुकानो व छत बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन यहां मरम्मत कार्य भी शुरु करवा चुका है। उन्होने बताया कि सुभाष मार्केट की दुकानों की नीलामी ई निविदा के माध्यम से प्राप्त होकर पारदर्शी आंवटन होगा। यहां की दुकानों के लिए 30 वर्ष की लीज या 10 वर्ष की लीज राशि एक मुश्त जमा कराए जाने पर फ्री होल्ड का प्रावधान भी रखा गया है। इसके साथ ही दुकानों पर किसी तरह का किराया नही रहेगा।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि शहर के सबसे बड़े इस मार्केट में पार्किंग की पर्याप्त सुविधा है, इसके साथ ही समीप की एक बड़ी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर यहां भी पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि चार पहिया सहित अन्य बड़े वाहनों को यहां खड़ा किया जा सके।

इस मौके पर दुकानों की खरीदारी के लिए आए व्यापारियों ने भी निगम आयुक्त श्री झारिया से मुलाकात की और ई निविदा से जुड़ी जानकारी व नियम शर्तें जानी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने बताया कि नेताजी सुभाषचन्द्र बोस शापिंग काम्पलेक्स महूरोड की दुकाने प्रथम फ्लोर व लोवर फ्लोर पर स्थिति दुकानों के आंवटन मध्यप्रदेश नगर पालिका (अचल संपत्ति का अंतरण) नियम 2016 एवं संशोधित नियम 4 मई 2021 के प्रावधान के अन्तागर्त किए जाने के लिए आफर ई निविदा द्वारा आमंत्रित है। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन यंत्री श्री जी.के. जायसवाल, श्री सत्यप्रकाष आर्चाय, उपयंत्री श्री राजेन्द्र मिश्रा, श्री ब्रजेष कुषवाह, श्री षैलेन्द्र गोठवाल आदि उपस्थित थे।

स्वतंत्र

स्वतंत्र [illegible] 23/9/21

# नगर निगम ने बाढ़ नियंत्रण कक्ष व आश्रय स्थल बनाये

रतलाम । अति वृश्टि के दौरान उत्पन्न होने वाली संभावित परिस्थितियों से निपटने एवं आपदा प्रबंधन के लिए निगम स्तर पर की जाने वाली व्यवस्थाओं के संबंध में निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने निगम मे विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों को पाबंद कर 8 आश्रय स्थलों की स्थापना की है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने आपदा प्रबंधन एवं राहत कार्य के लिये नियंत्रण कक्ष जिसका दूरभाश नम्बर 07412-270563 स्थापित कर उपयंत्रियों एवं सहायक कर्मचारियों की 8-8 घन्टे की षिफ्ट में ड्यूटी लगाई।

इसके अलावा अति वृश्टि हेतु 8 आश्रय स्थल बनाये जाकर कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है जिसके तहत् गांधीनगर कम्युनिटी हॉल पर श्री विषाल भटनागर मो0नं0 9300885504, ईष्वर नगर विद्यालय भवन पर श्री मुकेष मेहता मो0 नं0 9629647211, पैरानीपुरा जमातखाना पर श्री विजय अग्रवाल मो0 नं0 9907454456, अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड पर राजेष सिंह सेंगर मो0 नं0 7697052031, अलकापुरी कम्युनिटी हॉल पर श्री प्रदीप उपाध्याय मो0 नं0 9589944748, धीरजषाह नगर रॉयल हॉल पर श्री कुलदीप भट्ट मो0 नं0 7471144027, भवन निर्माण कला केन्द्र बिरियाखेड़ी पर श्री महेष व्यास मो0 नं0 9752971374 तथा श्री जैन उ.मा.विद्यालय सागोद रोड पर श्री सुनील कपूर मो0 नं0 9644000433 को नियुक्त किया गया है । स्वतंत्र

स्वतंत्र (?) 23/9/21



## सफाई कार्य हेतु वार्डो में हाथ गाड़ियों का वितरण

रतलाम । सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा क्रय की गई हाथ गाड़ियों का वितरण उपायुक्त श्री विकास सोलंकी व स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा वार्ड दरोगाओं को किया गया। नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में 2-2 हाथ गाड़ियों का वितरण किया गया जिससे [illegible] सफाई कार्य में सुधार होगा। इस अवसर पर वार्ड दरोगा उपस्थित थे। स्वतंत्र

स्वतंत्र [illegible] 23/9/21

# मुख्यमंत्री का सरप्राइज-बहुप्रतीक्षित सीवरेज प्रोजेक्ट का ई-लोकार्पण



सीवरेज प्रोजेक्ट का ई-लोकार्पण करते हुए मुख्यमंत्री

रतलाम। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह ने बुधवार को रतलामवासियों को बहुप्रतीक्षित सीवरेज प्रोजेक्ट का ई-लोकार्पण कर सरप्राइज दिया। अमृत योजना अंतर्गत 128 करोड़ रुपए के सीवरेज प्रोजेक्ट के लिए 28 दिसम्बर 2016 को वर्क आर्डर जारी होने के बाद दिसंबर 2019 तक ठेकेदार कंपनी को 100 फीसदी काम करना था, लेकिन वो अब तक पूरा नहीं हो सका है। ई-लोकार्पण की योजना ताबड़तोड़ बनी, जो सर्वत्र चर्चा बनी हुई है।

रतलाम में लोकार्पण के दौरान निगम प्रशासक एवं कलेक्टर

..शेष पृष्ठ 2 पर

पृष्ठ 1 का शेष मुख्यमंत्री का

कुमार पुरुषोत्तम, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व निगमाध्यक्ष अशोक पोरवाल, भाजपा के जिलाध्यक्ष राजेन्द्रसिंह लुनेरा, पूर्व जिलाध्यक्ष बजरंग पुरोहित, सुनील सारस्वत सहित स्थानीय नेतागण मौजूद रहे। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने सीवरेज प्रोजेक्ट के तहत निर्मित करमदी मार्ग और खेतलपुर एसटीपी (सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट) का ई-लोकार्पण किया। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि सीवरेज योजना का कार्य जमीनी स्तर पर पूरा हो चुका है। वर्ष-2047 तक की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए इस योजना में 276 किलोमीटर से अधिक का सीवरेज नेटवर्क तैयार किया है। 5 हजार से अधिक मेनहोल चैंबर तथा 11 हजार से अधिक हाऊस चैंबर बनाए गए हैं। शहर में कुल 43 हजार 273 भवनों में से अभी तक कंस्ट्रक्शन कंपनी जयवरुणी इंफ्राकॉन प्राइवेट लिमिटेड द्वारा 20 हजार से अधिक हाउस कनेक्शन जोड़ दिए गए हैं। शेष 50 फीसद कार्य आगामी 1 माह में पूरा करने के निर्देश इस एजेंसी को दिए गए हैं।

उन्होंने बताया कि सीवरेज प्रोजेक्ट अंतर्गत खेतलपुर ट्रीटमेंट प्लांट 16 एमएलडी (मिलियन लीटर पर डे) का बनाया गया है, जबकि दूसरा करमदी रोड स्थित ट्रीटमेंट प्लांट 21.5 एमएलडी (मिलियन लीटर पर डे) क्षमता का बनाया गया है।

34926 23/9/21

भास्कर

# स्वच्छता अभियान के बीच ये है 1 अरब से ज्यादा सालाना राजस्व देने वाले विभाग की हालत



रतलाम | शहर में स्वच्छता अभियान चल रहा है। जिला प्रशासन और निगम प्रशासन का पूरा फोकस स्वच्छता पर है। लेकिन सालाना एक अरब से ज्यादा का राजस्व देने वाले महलवाड़ा स्थित रजिस्ट्रार विभाग की स्थिति स्वच्छता के मामले में बेहद खराब है। यहां का परिसर गोबर से सटा है। इससे यहां रजिस्ट्री के लिए आने वाले लोगों को बदबू और गंदगी से परेशान होना पड़ता है। यहीं नहीं जिस रास्ते से जिला पंजीयक निकलते हैं वो भी गंदगी से सटा है। बावजूद अफसरों का ध्यान इस ओर नहीं है।

दै. भास्कर 23/9/21

# डेंगू मरीजों से अस्पताल फुल, मेडिकल कालेज में चालू हुआ चौथा वार्ड

## बीमारी का प्रकोप : लगातार बढ़ रही मरीजों की संख्या ने प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग को चिंता में डाला

लाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। ले में डेंगू बुखार के मरीजों की ख्या तेजी से बढ़ रही है। कीटनाशक ड़काव, जागरूकता अभियान से यंत्रण के दावे फेल हो रहे हैं। हालात ; है कि जिला अस्पताल, बाल कित्सालय सहित निजी अस्पतालों में ; फुल हो गए हैं। मरीजों को जमीन पर टाकर उपचार देना पड़ रहा है। बुधवार । मेडिकल कालेज के अस्पताल में था डेंगू वार्ड चालू करना पड़ गया। एक र्ड में 60 मरीजों को रखने की सुविधा । बुधवार को यहां 210 मरीज भर्ती थे, नमें 190 मरीज एंटीजन जांच रिपोर्ट में पाजिटिव हैं। आइसीयू के सभी 25 ; पर मरीज भर्ती हैं।

अधीक्षक डा. प्रदीप मिश्रा ने बताया ; चार वार्डों में भर्ती मरीजों में 90 तेशत डेंगू के हैं और शेष संदिग्ध हैं, नके सैंपल कराए जाएंगे। कई मरीज ३ भी हैं जो दोबारा डेंगू पाजिटिव होकर चार ले रहे हैं। मरीज स्वस्थ भी हो रहे , लेकिन अभी नए मरीजों की संख्या म नहीं हो रही हैं। मेडिकल कालेज में



ग्राम धौंसवास मे घरो मे कीटनाशक का छिड़काव करते हुए कर्मचारी। • नईदुनिया

भी डेंगू की एलाइजा जांच शुरू हो गई है। बुधवार को 44 सैंपल लगे हैं, जिनकी रिपोर्ट गुरुवार को आएगी। साथ ही बुधवार को जिला अस्पताल लैब से 29 एलाइजा जांच रिपोर्ट में छह नए मरीजों में डेंगू की पुष्टि की गई। जिले में अब तक एलाइजा जांच से 343 डेंगू के मरीजों की पुष्टि हो चुकी है। किट जांच का आंकड़ा भी तेजी से बढ़ते हुए 750 के आसपास पहुंच गया है। इनमें जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज और निजी अस्पतालों में उपचार लेने वाले शामिल हैं। निजी अस्पतालों का आंकड़ा भी मंगलवार को 30 से अधिक था। बीमारों के प्लेटलेट्स तेजी से कम हो रहे हैं, लेकिन डाक्टरों का कहना है कि दस हजार तक खतरा नहीं है। उपचार से प्लेटलेट्स बढ़ जाते हैं। घबराने की जरूरत नहीं है और 10 हजार तक प्लेटलेट्स है, तभी रक्त चढ़वाने की जरूरत है।

**72 घरों में मिला लार्वा, कीटनाश का छिड़काव भी :** शहर में डेंगू का सर्वे बुधवार को भी चलता रहा और फागिंग भी हुई। 734 घरों के सर्वे में 72 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया है। 1757 कंटेनर चेक किए गए। इनमें 68 ऐसे मिले, जिनमें लार्वा था। 272 बेकार टायर चेक किए और 15 में मिले लार्वा को नष्ट कराया गया। नामली और रावटी में भी सर्वे चलता रहा। साथ ही धौंसवास में पंचायत की पहल से हर घर में कीटनाशक का छिड़काव कराया गया, ताकि मच्छरों पर काबू पाया जा सके। सहायक मलेरिया अधिकारी एनएस वसुनिया ने बताया कि नए मरीज अभी निकल रहे हैं। मौसम अभी ऐसा है कि डेंगू का लार्वा पनप रहा है और मच्छर पैदा हो रहे हैं। हमारी टीमें सर्वे कर रही हैं और लार्वा नष्ट कराने के साथ लोगों को जागरूक भी किया जा रहा है।



रावटी पंचायत सचिव रणजीतसिंह मखोड़िया को ज्ञापन सौंपते हुए ग्रामीण। • नईदुनिया

### डीडीटी छिड़काव के लिए दिया ज्ञापन

**रावटी।** ग्राम पंचायत सचिव रणजीतसिंह मखोड़िया को ग्रामीणों ने ज्ञापन सौंपा। इसमें गांव सहित पंचायत से जुड़े गांवों में बीमारियों की रोकथाम के लिए डीडीटी का छिड़काव कराने की मांग की गई। संजय झोड़िया, सुनील वसुनिया, सुनील हठिला, लक्ष्मण डोडियार, गोपाल कटारा, पिंटू डिंडोर, लालचंद माली, चिंटू बोरिया आदि उपस्थित थे।

### सर्वे में नागरिकों ने दिया सहयोग

**नामली।** पिछले एक माह से नगर में तेजी से फैल रही मौसमी बीमारियों ने सभी को चिंतित कर दिया है। पिछले दिनों से नगर में डेंगू के संदिग्ध मिलने व नगर के वार्ड क्रमांक 14 की बालिका की डेंगू से रतलाम मेडिकल कालेज में मौत के बाद नगरवासियों में जिम्मेदारों के खिलाफ आक्रोश फैल गया था। लोगों ने नगर परिषद में धरना प्रदर्शन कर आक्रोश जताया था। इसे लेकर सोमवार की तरह मंगलवार को भी स्वास्थ्य व नगर परिषद के अमले ने डोर टू डोर सर्वे शुरू किया। अमले के साथ नगरवासी सुखदेव गेहलोत, राजेश भरावा ने मौजूद रहकर वार्डों- मोहल्लों में पहुंच सर्वे कराने में सहयोग प्रदान किया।

### निजी पैथालाजी लैबों की मनमानी पर अंकुश लगाने की मांग

जिले की कुछ पैथालाजी लैब के संचालकों की मनमानी के चलते मरीजों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। जो जांच 250 से 350 रुपये में होती है, उसी जांच के कुछ निजी लैब संचालक 800 से 1200 रुपये वसूल कर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लुनेरा ने कलेक्टर को पत्र लिखकर डेंगू की जांच के लिए निर्धारित राशि का सावर्जनिक प्रकाशन करने की मांग की है। इससे निजी लेब संचालकों की मनमानी से मरीजों को राहत मिल सकेगी। लुनेरा ने पत्र में लिखा है कि जिले की बड़ी आबादी मध्यम वर्गीय व गरीब है। महामारी के वर्तमान दौर में जिले के नागरिकों से जांच के नाम पर अनाप-शनाप वसूली अक्षम्य अपराध है। पत्र में भाजपा जिलाध्यक्ष ने कलेक्टर से ऐसे निजी लैब संचालकों पर कानूनी कार्रवाई करने का आग्रह भी किया है। नईदुनिया।

नईदुनिया 23/9/21

संकलन- ..........2021

# झमाझम बारिश ने की नगर निगम की लापरवाहियां उजागर

रतलाम। इस सप्ताह रविवार को हुई झमाझम बारिश रतलामवासियों को याद रहेगी। इस बारिश ने कई समस्याएं खड़ी की, वहीं नगर निगम की लापरवाहियों को उजागर करके रख दिया है। इसके अलावा ये सोचने पर भी विवश कर दिया है कि यदि 6 इंच बारिश से शहर के ये हालात हो सकते हैं, तो कभी इससे ज्यादा पानी बरसा तो क्या होगा? नगर निगम को इस बारिश से सबक लेकर अपनी गलतियों में सुधार करना होगा।

रविवार को सुबह से दोपहर तक हुई तेज बारिश के कारण शहर के निचले इलाकों में बाढ़ जैसे हालात बन गए थे। बारिश इतनी तेज थी कि दो घंटे में ही शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया। नगर निगम द्वारा बनाए गए शहर के नाले उफान पर आने से उनके आसपास के क्षेत्र जलमग्न हो गए।

शहर के मुख्य बाजार चौमुखीपुल,

उपप्र

..शेष पृष्ठ 2 पर

झमाझम बारिश

से नहीं हो रहे हैं। इंजीनियर काम देखने जाते नहीं हैं, जिससे ठेकेदारों ने मनमानी कर जन-धन का दुरूपयोग किया है।

## सामान्य बारिश का कोटा पूरा

रविवार को सुबह से दोपहर तक रतलाम शहर में 168 मिमी बारिश हुई। इसके बाद जिले में 894.5 मिमी बारिश दर्ज हो चुकी है। जिला कुल सामान्य बारिश से मात्र 23.8 मिमी पीछे रह गया, जो बाद के दिनों में हुई बारिश से पूरा हो गया है। बताया जाता है कि शहर में इससे पूर्व जुलाई 2015 में 16 घंटे में सर्वाधिक 375 मिमी बारिश हुई थी। इसके पहले वर्ष 2006 अगस्त में एक दिन में 325 मिमी बारिश हुई थी। इसके बाद इस रविवार को जिले में 30 घंटों में 242 मिमी बारिश हुई। एक वर्ष में अब तक का सर्वाधिक पानी वर्ष 2006 में 1995.8 मिमी बरसा है।

उपप्र 23/9/21

भोपाल के मिंटो हाल में हुए कार्यक्रम का जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने देखा सीधा प्रसारण

# सीवरेज योजना व नवीन वर्कशाप का ई–लोकार्पण

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। शहर को गंदे पानी से मुक्त किए जाने हेतु अमृत योजनांतर्गत सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फंड के अंतर्गत पलसोड़ा में नवीन कर्मशाला (वर्कशाप) का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने बुधवार को भोपाल के मिंटो हाल से ई–लोकार्पण किया।

ई–लोकार्पण का कार्यक्रम खेतलपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर आयोजित किया गया। यहां एलईडी टीवी के माध्यम से जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडियाबंधु व नागरिकों ने मुख्यमंत्री के संबोधन, सीवरेज तथा नवीन कर्मशाला के ई–लोकार्पण कार्यक्रम को देखा व सुना। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेंद्रसिंह लूनेरा, पूर्व महापौर शैलेंद्र डागा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, अनिता कटारिया, कलेक्टर व निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य भगतसिंह भदौरिया, अरुण राव,



सीवरेज योजना व वर्कशाप का लोकार्पण करते जनप्रतिनिधि व अधिकारी। ●नईदुनिया

मयूर पुरोहित, आदित्य डागा, हेमंत राहौरी आदि ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लैपटाप के बटन को दबाकर प्रारंभ किया। अमृत योजनांतर्गत रतलाम शहर में 14154.00 लाख की संचालन व संधारण सहित सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फंड के अंतर्गत पलसोड़ा में 50 लाख की लागत से नवीन कर्मशाला का निर्माण किया गया है। उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचंद्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री सुहास पंडित, बीएल चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, दीक्षा निजामपुरकर सहित नागरिक उपस्थित थे।

## जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन

रतलाम। जिले में उर्वरक गुण नियंत्रण को देखते हुए किसानों को उत्तम गुणवत्ता का उर्वरक प्राप्त हो तथा शासन के निर्देशानुसार उर्वरकों की रतलाम रैक पाइंट पर लगातार मांग अनुसार उर्वरक की रैक लग रही है। रैक से प्राप्त होने वाले उर्वरकों का नियमानुसार वितरण, परिवहन व प्रत्येक छोटी रैक से पांच व बड़ी रैक से आठ नमूने लेने के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। उपसंचालक कृषि विजय चौरसिया ने बताया कि गठित दल में सहायक संचालक कृषि भीका वास्के दल प्रभारी, कृषि विकास अधिकारी केएस वसुनिया सहायक तथा वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बीएम सोलंकी निरीक्षक बनाए गए हैं।

नईदुनिया 23/9/21



# निगम प्रशासक ने सुभाष कॉम्प्लेक्स का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए

स्वदेश।

रतलाम ● महू रोड स्थित सुभाषचन्द्र शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोतम ने निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के साथ गुरूवार दोपहर मार्केट का निरीक्षण किया। आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया कि मार्केट की 99 दुकानों को नगर निगम के ई-टेंडर के माध्यम से आगामी दिनों नीलाम करने जा रहा है। इस नीलामी को लेकर रतलाम शहर सहित अन्य नगरों के व्यापारी व खरीदारी भी रुचि दिखा रहे है। कुछ समय पूर्व निर्मित इस मार्केट की दुकानों व छत बेहतर बनाने के लिए निगम प्रशासन यहां मरम्मत कार्य भी शुरू करवा चुका है। उन्होंने बताया कि सुभाष मार्केट की दुकानों की नीलामी ई निविदा के माध्यम से प्राप्त होकर पारदर्शी आवंटन होगा। यहां की दुकानों के लिए 30 वर्ष की लीज या 10 वर्ष की लीज राशि एक मुश्त जमा कराए जाने पर फ्री होल्ड का प्रावधान भी रखा गया है। इसके साथ ही दुकानों पर किसी तरह का किराया नहीं रहेगा। निगम आयुक्त समीप की एक बड़ी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया जाकर वहां भी पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, ताकि चार पहिया सहित अन्य बड़े वाहनों को यहां खड़ा किया जा सके। निरीक्षण के समय कार्यपालन यंत्री जी.के. जायसवाल, सत्यप्रकाश आचार्य, उपयंत्री राजेन्द्र मिश्रा, ब्रजेश कुशवाह, शैलेन्द्र गोठवाल आदि उपस्थित थे।

स्वदेश 23/9/21

# टाटा नगर में मवेशियों ने पहुंचाया वाहनों को नुकसान

रतलाम | नगर निगम शहर में मवेशी पकड़ने का अभियान चला रही है और हर वार्ड में मवेशी पकड़ने का दावा किया जा रहा है। बावजूद सड़कों से मवेशी कम नहीं हो रहे हैं। टाटा नगर गली नंबर 6 में पशुओं का जमावड़ा दिनभर लगा रहता है। पशु वाहनों को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। मंगलवार रात को यहां पशुओं ने वाहनों को गिरा दिया। इससे गाड़ियों को नुकसान हुआ है। पंकज जैन ने बताया कि मेरी दो गाड़ियों को नुकसान पहुंचाया है। आए दिन यही स्थिति रहती है और पशु लोगों की गाड़ियों को नुकसान पहुंचा रहे हैं।



भास्कर

दै. भास्कर 23/9/21

**द्वारका रेसीडेंसी के अवैध रास्ते का मामला: निर्मित सड़क प्रशासन की होगी, भवन अनुमति निरस्त करने की भी तैयारी**

# 15 हजार वर्गफीट जमीन का उपयोग करेगा प्रशासन

**मनमर्जी का निर्माण**

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**

**पत्रिका न्यूज नेटवर्क**
patrika.com

रतलाम. मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की एकल पीठ से झटका लगने के बाद शहर की द्वारका रेसीडेंसी के निर्माणकर्ता की मुश्किल और बढ़ सकती है। सरकारी जमीन पर कब्जा कर बनाई पक्की सड़क को प्रशासन अपने कब्जे में लेकर उपयोग करेगा। वहीं, निर्मित भवन की अनुमति भी निरस्त करने की तैयारी शुरू हो गई है।

हाईकोर्ट से दायर याचिका खारिज होने के बाद बिल्डर जितेन्द्र नागल ने फिर से कलेक्टर का दरवाजा खटखटाया है, संभवतः सोमवार को कलेक्टर मामले की सुनवाई करेंगे, इसके बाद बड़ा फैसला हो सकता है। शहर के सैलाना रोड पर बनी द्वारका रेसीडेंसी निर्माण की दी गई मंजूरी को निरस्त करने की तैयारी इंदौर हाईकोर्ट से एक याचिका को खाजिर करने के बाद शुरू हो गई है। वहीं, प्रशासन ने 15 हजार वर्गफीट वाली सरकारी भूमि को नीलाम करने की तैयारी भी करना शुरू कर दिया है। वर्ष 2019 में जब द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण शुरू हुआ तो 15 हजार वर्गफीट सरकारी भूमि पर कब्जा करते हुए बिल्डर जितेंद्र नागल ने रेसीडेंसी में आने का रास्ता बताया था। शिकायत के बाद कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने वरिष्ठ अधिकारियों की जांच कमेटी बनाई थी। कमेटी ने जांच करके रिपोर्ट दी थी कि सरकारी भूमि पर अवैध रुप से कब्जा है व आम रास्ते पर निर्माण कर लिया है। इसके बाद कलेक्टर ने अतिक्रमण हटाने के निर्देश देते नगर निगम के दल को मौके पर भेजा था। द्वारका रेसीडेंसी को उसकी हद बताते हुए फिलहाल सरकारी जमीन और रास्ते की बाड़ाबंदी कर दी है।



सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर पत्रिका में समाचारों का लगातार प्रकाशन।

## प्रशासन के पास बड़ी कार्रवाई का आधार

इंदौर उच्च न्यायालय जाने के पूर्व बिल्डर नागल ने कलेक्टर को आवेदन दिया था व इस बात का उल्लेख भी उच्च न्यायालय में किया। इसके बाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने साफ कहा कि जब कलेक्टर को आवेदन दिया है तो वही जाए व उनकी याचिका प्रथम दृष्ट्या सुनवाई योग्य भी नहीं है। इस निर्णय के आने के बाद द्वारका रेसीडेंसी पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू हो गई है। संभवत सोमवार शाम तक इस मामले में निर्णय हो सकता है।

## सरकारी भूमि होगी नीलाम

प्रशासन जहां द्वारका रेसीडेंसी निर्माण की मंजूरी को निरस्त करने के साथ ही कब्जा वाली करीब 15 हजार वर्गफीट सरकारी भूमि की नीलामी भी विकल्प है। इससे शासन को राजस्व की वृद्धि होगी तो साथ ही निर्मित पक्का रास्ता भी मिल जाएगा। इस पर द्वारका रेसीडेंसी का कोई अधिकार नहीं होगा, रेसीडेंसी जाने के लिए बिल्डर को अलग रास्ता दिखाना होगा।

## जांच में सामने आया सरकारी जमीन

फिलहाल पूरा मामला सुनवाई में चल रहा है, सरकारी जमीन को नीलाम कर राजस्व जुटाया जा सकता है, संभवतः सोमवार तक इस विषय पर निर्णय के बाद जानकारी दी जा सकेगी। - **कुमार पुरुषोत्तम**, कलेक्टर व निगम प्रशासक



पत्रिका

पत्रिका 23/9/21

## डेंगू से बचाव हेतु प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव निरंतर जारी

रतलाम । कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है। निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूशोत्तम के निर्देशानुसार प्रत्येक झोन में एक-एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 05:30 से 08:00 बजे तक व शाम को 06:00 से रात 10:00 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक-एक हैण्ड स्प्रे मशीन से भी कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

स्वतंत्र लेखनी 23/9/21

## वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही

रतलाम । स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर-1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डों की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले-नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डों में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले-नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी। वार्डों की समुचित साफ-सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निश्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डों में साफ-सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

स्वतंत्र लेखनी 23/9/21

## 83 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। इसके तहत बुधवार को 83 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 40290, ट्रैक्टर-ट्राली से 8310, काम्पेक्टर सूखा कचरा 34780 कुल 62680 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया।

भास्कर 23/9/21

## पांच हजार का जुर्माना किया

रतलाम @ पत्रिका. कस्तुरबा नगर मुख्य मार्ग स्थित मकान नम्बर 271 की भवन स्वामी लीला जोशी द्वारा भवन निर्माण सामग्री फैलाकर अतिक्रमण करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देश पर पांच हजार रुपए का का जुर्माना किया गया। निगम आयुक्त ने बताया अतिक्रमण व गंदगी करने वालों पर कार्रवाई जारी रहेगी।

पत्रिका 23/9/21

# मुख्यमंत्री ने सीवरेज योजना व नवीन वर्कशाप का किया ई-लोकार्पण



प्रसारण न्यूज • रतलाम

शहर को गन्दे पानी से मुक्त किए जाने हेतु अमृत योजनान्तर्गत सीवरेज योजना व अमृत योजना के डी यू टी एफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोड़ा में निर्मित नवीन कर्मशाला का मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने भोपाल के मिन्टो हॉल से ई-लोकार्पण किया।

ई-लोकार्पण का कार्यक्रम खेतलपुर स्थित सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पर आयोजित किया गया जहां एलईडी टी.वी. के माध्यम से जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक, प्रिन्ट एवं इलेक्ट्रॉनिक मिडियाबंधु व नागरिकों ने मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के उदबोधन व सीवरेज तथा नवीन कर्मषाला के ई-लोकार्पण कार्यक्रम को देखा व सुना।

इसके पश्चात राजेन्द्रसिंह लूनेरा, पूर्व महापौर शैलेन्द्र डागा, पूर्व निगम अध्यक्ष अशोक पोरवाल, श्रीमती अनिता कटारिया, कलेक्टर एवं निगम प्रशासक कुमार पुरुषोत्तम, निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया, कन्हैयालाल मौर्य, बजरंग पुरोहित, पूर्व महापौर परिषद सदस्य सर्वश्री भगतसिंह भदौरिया, मंगल लोढ़ा, अरूण राव, श्रीमती सीमा टांक, पूर्व पार्षद सुशील सिलावट, पप्पू पुरोहित, श्रीमती अनिता कटारा, सुदीप पटेल, के अलावा मयूर पुरोहित, सुनील सारस्वत, कृष्ण कुमार सोनी, आदित्य डागा, हेमन्त राहौरी, नन्दकिशोर पवांर आदि ने सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेपटॉप के बटन को दबाकर प्रारंभ किया गया।

अमृत योजनान्तर्गत रतलाम नगर में 14154.00 लाख की संचालन एवं संधारण सहित सीवरेज योजना व अमृत योजना के डीयूटीएफ फण्ड के अन्तर्गत पलसोड़ा में 50.00 लाख की लागत से नवीन कर्मशाला का निर्माण किया गया है।

इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोलंकी, सहायक आयुक्त श्रीमती ज्योति सुनारिया, कार्यपालन यंत्री सुरेशचन्द्र व्यास, मोहम्मद हनीफ शेख, सत्यप्रकाश आचार्य, सहायक यंत्री श्याम सोनी, उपयंत्री सुहास पंडित, बी.एल. चौधरी, राजेश पाटीदार, मनीष तिवारी, ब्रजेश कुशवाह, सुश्री दीक्षा निजामपुरकर सहित नागरिक उपस्थित थे।

प्रसारण 23/9/21

## सफाई कार्य हेतु वार्डों में हाथ गाड़ियों का वितरण



रतलाम। सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए जाने हेतु नगर निगम द्वारा क्रय की गई हाथ गाड़ियों का वितरण उपायुक्त विकास सोलंकी व स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा वार्ड दरोगाओं को किया गया। नगर निगम द्वारा प्रत्येक वार्ड में 2-2 हाथ गाड़ियों का वितरण किया गया, जिससे सफाई कार्य में सुधार होगा। इस अवसर पर वार्ड दरोगा उपस्थित थे। प्रसारण